indication, the German Bankers stated that they would be willing to provide finance for investment in India to the extent of one billion Dollars within the next two years. This assistance could be considered only for specific projects to be prepared and negotiated. It was further indicated that foreign investment would be welcome only on terms compatible with India's interests and also with reference to critical areas of production where identifiable technology gaps would need to be filled up and also in fields where there is scope for substantial export production. Such investment will no doubt be selective and be considered on merits on individual cases.

Equipping the Indian Navy with Submarines

539. SHRI M. RAM GOPAL REDDY: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state the steps being taken by Government to equip the Indian Navy with sufficient number of submarines ?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIVAN RAM): The Indian Navy has a number of submarines on its strength. With a view to augment this strength discussions have been initiated with several foreign shipyards in regard to collaboration arrangements for designing and building of suitable submarines in India.

विदेशों में रहने वाले भारतीयों के लिए प्रसारण करने वाले आकाशवाणी केन्द्र

540. श्री मृत्युन्जय प्रसाद : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी के किन-किन केन्द्रों से विदेशों के लिए प्रसारण किए जाते हैं और उन देशों के एवं उनकी क्रमश: भाषाओं के नाम क्या हैं, जिनमें प्रसारण किए जाते हैं ;

(ख) आकाशवाणी के किन-किन केन्द्रों से विदेशों में बसे भारतीयों के लिए प्रसारण किए जाते हैं और वे किन-किन भाषाओं में किए जाते हैं और उस के लिए सप्ताह में कितना समय दिया जाता है ; और

(ग) क्या आकाशवाणी के उद्घोषकों को ये विदेशी भाषाएं सिखाने और बाद में उन में परीक्षा लेने के लिए कोई प्रबन्ध किए गए हैं; यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : (क) आकाशवाणी के जिन केन्द्रों से विदेशों के लिए प्रसारण किए जाते हैं, उन के नाम तथा उन देशों के नाम तथा उन की उन भाषाओं के नाम जिनमें प्रसारण किए जाते हैं :

1. विदेश सेवा प्रभाग, आकाशवाणी, नई दिल्ली :

भाषा	देश
(1) अंग्रेजी (सामान्य समुद्र-पारीय सेवा 1)	पूर्वी एशिया, दक्षिण-पूर्वी एशिया और उत्तर-पूर्वी एशिया ।
(2) अंग्रेजी (सामान्य समुद्र-पारीय सेवा 2)	उत्तर पूर्वी एशिया, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ।
(3) अंग्रेजी (सामान्य समुद्र-पारीय सेवा 3)	दक्षिण-पूर्वी एशिया ।
(4) अंग्रेजी (सामान्य समुद्र-पारीय सेवा 4)	ब्रिटेन, पश्चिमी यूरोप, पूर्वी अफ्रीका, पश्चिमी और उत्तरी अफ्रीका, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ।

अन्य सेवाएं

भाषाएं	देश/क्षेत्र
अरेबिक, बलूची, बर्मी, कैन्टोनीज, दारी, फ्रैंच, हिन्दी, इन्डो – नेशियाई, क्योयो, नेपाली, फारसी, पुश्तो, रुसी, सिन्धी, सिन्हाला, स्वाहिली, तमिल, थाई, तिब्बती और उर्दू ।	अफगानिस्तान, बर्मा, पूर्वी अफ्रीका, पूर्वी एशिया, इन्डोनेशिया, ईरान, मारीशिस, नेपाल, उत्तर पश्चिमी अफ्रीका, पाकिस्तान, गणराज्य चीन तथा अन्य दक्षिण एशियाई देश और क्षेत्र, रूस, और पूर्वी यूरोप, थाईलैंड तथा पश्चिमी एशिया ।

2. आकाशवाणी, बम्बई

गुजराती	पूर्वी अफ्रीका ।
कोंकणी	पूर्वी अफ्रीका ।

3. आकाशवाणी, कलकत्ता

बंगला	बंगलादेश ।

4. आकाशवाणी, जलन्धर

पंजाबी	पाकिस्तान

5. आकाशवाणी, मद्रास

तमिल	दक्षिण पूर्वी एशिया ।

(ख) विदेशी सेवा प्रभाग, आकाशवाणी, नई दिल्ली

(1) पूर्वी अफ्रीका और मारीशस के लिए हिन्दी ।	10½ घंटे प्रति सप्ताह
दक्षिण पूर्वी-एशिया के लिए हिन्दी ।	7 घंटे प्रति सप्ताह
दक्षिण पूर्वी एशिया के लिए तमिल ।	5 घंटे 15 मिनट प्रति सप्ताह

(2) आकाशवाणी, मद्रास

दक्षिण पूर्वी एशिया के लिए तमिल ।	7 घंटे प्रति सप्ताह

(3) आकाशवाणी, बम्बई

पूर्वी अफ्रीका के लिए गुजराती ।	7 घंटे प्रति सप्ताह
पूर्वी अफ्रीका के लिए कोंकणी (समाचार)	70 मिनट प्रति सप्ताह

(ग) विदेशी भाषाओं के उद्घोषक अपनी-अपनी भाषाओं में अर्हता प्राप्त होते हैं । उनकी नियुक्ति लिखित परीक्षा व स्वर परीक्षा के बाद की जाती है । इन उद्घोषकों में सम्बन्धित भाषाओं को बोलने वाले विदेशी राष्ट्रिक और विदेशी भाषाओं में दक्ष भारतीय होते हैं । विदेशी भाषाओं की शिक्षण योजनाओं के अंतर्गत आकाशवाणी के उन कर्मचारियों को, जिनको किसी विशिष्ट भाषा का अच्छा ज्ञान होता है, विशिष्ट भाषा के उच्च अध्ययन और प्रशिक्षण के लिए विदेशों में भेजा जाता है । इसके अतिरिक्त, आकाशवाणी के कुछ कर्मचारियों को विभिन्न भाषाऐं सीखने के लिए स्कूल आफ फारेन लैंग्वेजेज, नई दिल्ली में विदेशी भाषा के पाठ्यक्रम लेने की अनुमति दी जाती है ।

दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली में प्रोग्राम एक्जीक्यूटिवज, ए०एस० डी० और एस० डी० 'ज की संख्या

541. **श्री सुरेन्द्र विक्रम** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) टेलीविजन केन्द्र में कितने ऐसे प्रोग्राम एक्जीक्यूटिवज, ए० एस0 डी०'ज और एस० डी० 'ज हैं जो गत 10 वर्षों से दिल्ली में नियुक्त हैं ;